हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 जून 2026

04 प्रधानमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर...



07 मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार...





## खबर संक्षेप में

### फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को

**नलखेड़ा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था।

### मेंटनेंस के चलते सभी फीडर एक घंटे व नलखेड़ा फीडर दो घंटे बंद रहेगा

**नलखेड़ा।** वर्ष भर मेंटनेंस करने वाली विद्युत वितरण कंपनी आज फिर मेंटनेंस करने जा रही है जिसके चलते उप केंद्र से जुड़े सभी फीडर एक घंटे एवं नलखेड़ा फीडर दो घंटे बंद रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को विद्युत कंपनी के उपकेंद्र पर आवश्यक कार्य किया जाना है, इसके लिए सभी फीडर सुबह 8 से 9 बजे तक बंद रहेंगे। वही नलखेड़ा टाउन फीडर मेंटेनेंस कार्य हेतु सुबह 08 से 10 बजे तक बंद रहेगा। इसमें कार्य अनुसार समय घटाया बढ़ाया भी जा सकता है।

### मत्स्याखेट पर 16 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य में मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के अन्तर्गत 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को मत्स्य प्रजनन काल होने से बंद ऋतु घोषित किया गया है। कलेक्टर प्रीति यादव ने इस अवधि में जिले के जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। अधिसूचना अनुसार मध्यप्रदेश शासन, मछली पालन के ज्ञापन के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है, और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अन्तर्गत नही लाया गया है, को छोडकर समस्त नदियों एवं जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नियमों के उल्लंघन पर उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या पांच हजार का जुर्माना या दोनों से दंण्डित किये जाने का प्रावधान है। अधिसूचना के माध्यम से सर्व संबंधित व मत्स्यजीवियों से कहा गया है कि वे इस अवधि में किसी भी प्रकार मत्स्याखेट/क्रय-विक्रय/परिवहन न करे, और न ही ऐसे कार्य में किसी अन्य को सहयोग दें अन्यथा कि स्थिति में उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी।

### श्यामपुर ग्राम पंचायत में जनकल्याण शिविर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलों एवं जनपदों में 16 जून को जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की कवायद नहीं

# आवारा कुत्ते ने 3 साल की बच्ची का चेहरा बिगाड़ा, लगाना पड़े 55 टांके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद भी प्रदेश में आवारा कुत्तों पर प्रभावी नियंत्रण की कवायद नहीं की जा रही है। जिम्मेदारों की इसी लापरवाही के चलते 3 साल की मासूम की जान पर बन आई। आवारा कुत्ते के नोचने से बच्ची के चेहरे पर कई जगह पर बड़े-बड़े घाव हो गए। जिसे जिला अस्पताल आगर लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा उसे 55 टांके लगाने पड़े। बच्ची की हालत गंभीर होने से उसे इंदौर रेफर किया गया है। आगर मालवा जिला अस्पताल से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां डॉग बाइट का एक बेहद गंभीर मामला देखने को मिला। हालांकि यह घटना उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील के ग्राम देलवाड़ी की है, लेकिन अस्पताल नजदीक होने के कारण परिजन गंभीर रूप से घायल तीन वर्षीय मासूम बच्ची को उपचार के लिए आगर मालवा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जा रहा है कि देलवाड़ी गांव में घर के बाहर खेल रही माही (3) पिता कालू सिंह पर अचानक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया मासूम के चेहरे को कुत्ते ने इस कदर नोचा कि उसका पूरा चेहरा लहूलुहान हो गया। कुत्ते द्वारा किए गए इस हमले से मासूम की आंख के नीचे, पूरी नाक, गाल और मुंह तक गंभीर जख्म आए। बच्ची दर्द से चीखती रही जिसे परिजन तुरंत जिला अस्पताल आगर लेकर गए।

गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंची तीन वर्षीय मासूम बच्ची को देखते ही डॉक्टरों की टीम तुरंत उपचार में जुट गई। बच्ची के चेहरे पर गहरे घाव थे और लगातार रक्तस्त्राव हो रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तीन डॉक्टरों ने मिलकर सर्जरी की और करीब 55 टांके लगाए। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार चेहरे पर गंभीर चोट होने के कारण समय पर उपचार देना सबसे बड़ी चुनौती थी।



### चेहरे की दशा देखकर द्रवित हो उठे डॉक्टर

जिला अस्पताल के डॉक्टर भी मासूम के दर्द और उसके चेहरे की दशा देखकर द्रवित हो उठे। डॉ जितेंद्र कैथवाल और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शशांक सक्सेना ने मिलकर मासूम के फटे चेहरे की सर्जरी की व करीब 55 टांके लगाए। डॉ सक्सेना ने बताया कि प्राथमिक रूप से चेहरे की जितनी सर्जरी स्थानीय स्तर पर संभव थी उतनी की गई। ब्लड लांस रोकना तुरंत जरूरी था इसे रोक दिया है। आगे का इलाज इंदौर में होगा। यह घटना आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या की गंभीरता को भी उजागर कर रही है। आगर मालवा जिला अस्पताल के आंकड़ों पर नजर डालें तो जनवरी 2026 से अब तक डॉग बाइट के 350 से अधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं। यानी औसतन हर दिन दो से तीन लोग कुत्तों के हमले का शिकार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट भी इस मुद्दे पर सख्त टिप्पणी कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद आवारा कुत्तों पर प्रभावी नियंत्रण नजर नहीं आ रहा। फिलहाल मासूम बच्ची का उपचार इंदौर में जारी है, वहीं यह घटना जिम्मेदार एजेंसियों के लिए एक बड़ा सवाल बनकर सामने आई है।

### पॉश कॉलोनी में चोरी की कोशिश: एक हफ्ते में दूसरी वारदात, गेट फांदकर घुसे चोर

**सीहोर।** शहर की पॉश एसआर विहार कॉलोनी में शनिवार रात एक सूने मकान में चोरी का प्रयास किया गया। चोर गेट लांघकर घर के अंदर घुसे, लेकिन उनकी पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। एक हफ्ते के भीतर इसी कॉलोनी में यह दूसरी घटना है। शहर की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली एसआर विहार कॉलोनी चारों ओर से ऊंची दीवारों से घिरी हुई है। इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर कॉलोनी में घुसे और एक सूने मकान को निशाना बनाने का प्रयास किया। इससे पहले 6 जून को भी इसी कॉलोनी में एक घर का ताला तोड़ा गया था। एसआर विहार कॉलोनी की इस घटना से पहले बीते सोमवार को प्रसिद्ध करौली माता मंदिर में चोरी हुई थी। चोर दान पेटी सहित हजारों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए थे। इस मामले के आरोपी भी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।



### शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे पात्र हितग्राही

# जनकल्याण शिविरों में समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में नगरीय निकायों एवं विकास खण्डों में आयोजित किए जा रहे जनकल्याण शिविर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इसी क्रम में 15 जून को जिले के विकासखंड आगर के तनोडिया, नलखेड़ा के ग्राम भैसोंदा, नगर परिषद सुसनेर में श्री राम मंदिर धर्मशाला सहित अन्य स्थानों पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे और अपनी समस्याओं एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविरों में उपस्थित जिला अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा नागरिकों से प्राप्त आवेदनों की सुनवाई कर उनका त्वरित एवं समाधानकारी निराकरण किया गया। शिविरों में राजस्व प्रकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार अपडेट, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसके साथ ही विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को प्रदान की गई तथा पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभागों को प्रेषित किए गए।

### शिविरों के लिये आगामी कैलेंडर

जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार आगामी शिविर विकासखंड आगर में 16 जून को शिवगढ़, 17 जून को पालखेड़ी एवं 18 जून को चांदनगांव में शिविर आयोजित होंगे। नगर पालिका आगर में 16 जून को छावनी झंडा चौक तथा 18 जून को विवेकानंद कॉलोनी शिव मंदिर परिसर में शिविर लगाए जाएंगे। नगर परिषद कानड में 18 जून को नवीन बस स्टैंड में शिविर आयोजित होंगे। विकासखंड नलखेड़ा में 16 जून को पचलाना एवं 17 जून को पिलवास में शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगरीय नलखेड़ा में 16 जून को वार्ड क्रमांक-13 मांगलिक भवन में शिविर लगाए जाएंगे। नगर परिषद बड़ागांव में 16 जून को मालवीय चौराहा क्षेत्र में शिविर आयोजित होंगे। विकासखंड बड़ौद में 16 जून को जयसिंहपुरा, 17 जून को गुराड़िया एवं 18 जून को गंगापुर में शिविर लगाए जाएंगे। नगरीय बड़ौद में 16 जून को चंपा कुआं क्षेत्र में शिविर आयोजित होंगे। विकासखंड सुसनेर 16 जून को मोड़ी तथा 18 जून को श्यामपुरा में शिविर लगाए जाएंगे। नगरीय सुसनेर में 18 जून को महात्मा ज्योतिबा फुले चौक में शिविर आयोजित होंगे। नगरीय सोयतकलां में 18 जून को विजय मंच, पट्टी मोहल्ला में शिविर लगाए जाएंगे।




### शिविरों में समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत करें

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत करें तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

# भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्रसिंह पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार, संध्याकालीन आरती में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी महेंद्रसिंह विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे। रविवार शाम भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्रसिंह माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन पूजन किये। वे माता रानी की संध्याकालीन आरती में भी शामिल हुवे। दर्शन पूजन उपरांत महेंद्रसिंह समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहाँ उन्होंने अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराजर ( पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सिद्धपीठ पहुंचने पर प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्रसिंह का भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा सहित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।



### कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए

# जनकल्याण शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव ने निर्देश दिए कि जिले में 12 से 18 जून तक नगरीय निकायों एवं विकासखंड स्तर पर आयोजित जनकल्याण शिविरों में प्राप्त होने वाली नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिविरों में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को निर्धारित पोर्टल पर दर्ज कर समय-सीमा में उसका निराकरण किया जाए। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जनकल्याण शिविरों की प्रगति की समीक्षा की। जिन विभागों के पोर्टल पर आवेदन नगण्य हैं, उनके प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अधिकारी जनकल्याण शिविरों में लगाई गई ड्यूटी का पूर्ण पालन करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविरों के दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतें एवं अन्य जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए।



### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वृहद स्तर पर मनाने के निर्देश

कलेक्टर ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि योग दिवस कार्यक्रम को जिलेभर में वृहद स्तर पर आयोजित किया जाए। जन-जन को योग से जोड़ने के लिए व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने बताया कि योग दिवस के लिए आयुष विभाग नोडल विभाग है। आयुष विभाग सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला स्तरीय कार्यक्रम की समुचित तैयारी सुनिश्चित करे तथा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियों एवं आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन के लंबित प्रकरणों का वर्षा ऋतु पूर्व निराकरण करने तथा नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर यादव ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवारा श्वानों के नियंत्रण के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि डॉग बाइट जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए नगरीय निकायों का अमला सक्रिय रहे तथा गलियों एवं मोहल्लों में घूमने वाले आवारा श्वानों के नियंत्रण की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करे।

### यूसीसी सुझाव पोर्टल पर 22 जून तक दर्ज करा सकते हैं सुझाव



बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में जन परामर्श एवं सुझाव प्रक्रिया जारी है। नागरिक 22 जून 2026 तक पोर्टल पर अपने सुझाव एवं विचार दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी समान नागरिक संहिता के संबंध में भी अपने सुझाव दें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत बीएस सोलंकी, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सुसनेर किरण बरबड़े, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, प्रेमनारायण परमार, कमल मंडलोई, सभी जिला अधिकारी, तहसीलदार और जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनगणना कार्य एवं खरीफ तैयारियों की समीक्षा

कलेक्टर ने आगामी जनगणना कार्य के संबंध में सभी चार्ज अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य हेतु पटवारी एवं सचिव सहित संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 जुलाई से 25 जुलाई के मध्य आयोजित होगा। इसके लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। इसके अतिरिक्त आगामी खरीफ सीजन को दृष्टिगत रखते हुए कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता एवं संबंधित विभागों को किसानों के हित में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# आंधी-तूफान में बार-बार बिजली फाल्ट से ग्राम चंदेरी सहित 25 गांवों के ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के बिलकिसगंज क्षेत्र अंतर्गत बरखेड़ी विद्युत केंद्र से जुड़े लगभग 25 गांवों में आंधी-तूफान के दौरान बार-बार विद्युत लाइन फाल्ट होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद रात के समय फाल्ट सुधार कार्य में देरी होती है, जिससे लोगों को घंटों अंधेरे में रहना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार चंदेरी, नई चंदेरी, पिपलिया, ताकीपुर, शेरपुर, भगवानपुर, बड़नगर, आलमपुरा, बरखेड़ी सहित आसपास के कई गांवों में शनिवार रात्रि को आए आंधी-तूफान के कारण विद्युत लाइन में फाल्ट हो गया था। इसकी सूचना तत्काल विद्युत विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दी गई, लेकिन सीमित स्टाफ और संसाधनों के कारण बिजली आपूर्ति बहाल होने में काफी समय लग गया।



ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात्रिकालीन ड्यूटी पर केवल एक-दो लाइनमैन ही उपलब्ध रहते हैं। ऐसे में अलग-अलग स्थानों पर एक साथ फाल्ट होने पर समय पर सुधार कार्य कर पाना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो ग्रामीणों को पूरी रात अंधेरे में बितानी पड़ती है। गर्मी के मौसम में बिजली गुल रहने से लोगों को परेशानी होती है, वहीं मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों एवं किसानों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के दौरान कुछ अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाया जाता, जिससे समस्या के समाधान में और अधिक देरी होती है। उन्होंने मांग की कि आंधी-तूफान या अन्य आपात स्थिति में रात्रि के समय अतिरिक्त लाइन स्टाफ, पिकअप वाहन तथा जिम्मेदार अधिकारियों की मौके पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिलकिसगंज रोड स्थित नई चंदेरी में विद्युत ट्रांसफार्मर के समीप प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की कि बरखेड़ी सब स्टेशन क्षेत्र में लाइनमैनों की संख्या बढ़ाई जाए तथा फाल्ट की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करें शनिवार की रात्रि को लगभग 5 से 6 घंटे के भीतर ग्रामीणों के सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से रात्रि 8:00 बजे को फॉल्ट हुई बिजली लाइट को 3:00 बजे रात को सप्लाई चालू हुई है।

## खबर संक्षेप

### सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग, 20 को प्रमाण-पत्र

**सीहोर।** डाइट में 8 से 12 जून तक पांच दिनी सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कराया गया। इसका उद्देश्य शासकीय आईटीआई के ट्रेनर्स को सॉफ्ट स्किल सिखाना था। इन्हीं ट्रेनर्स के जरिए अगले सत्र में आने वाले आईटीआई स्टूडेंट्स को सॉफ्ट स्किल का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। समापन पर जिला पंचायत सीईओ सरजना यादव ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए। प्रशिक्षण में सीहोर जिले के शासकीय आईटीआई के 5 प्राचार्य और 15 ट्रेनर्स शामिल हुए।

### तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर आयोजित

**भौरासा।** नगर परिषद कार्यालय भौंरासा द्वारा निकाय में 12 जून से 14 जून तक तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जनकल्याण शिविर के आरंभ में नगर परिषद कार्यालय के बाहर शिविर लगाया गया, जहां पर मध्य प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजनाओ के आवेदन प्राप्त कर हितग्राहियों को लाभ दिए जाने की प्रकिया की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ मे परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण देवास एवं नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमिला ठाकुर की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

### लाडली बहनों के खाते में अभी 1500 रुपए आ रहे हैं, वो बढ़कर 3 हजार तक होंगे: विधायक

# प्रधानमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर विधायक इंजीनियर ने किया जावर मंडल का दौरा

### भानाखेड़ी में चल रही भागवत कथा में हुए शामिल,टीन शेड के लिये 11 लाख एवं पंचायत को पानी का टैंकर देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए बिना रुके, बिना थके, बिना कोई छुट्टी लिये चरैवेति चरैवेति के मूल मंत्र को लेकर लगातार 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर इन 12 वर्षो की विकास, विश्वास और जनकल्याण के किये कार्यो उपलब्धियों को बताने भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देशों के पालन में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के मंडलो का जो दौरा शुरू किया उसके तहत आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जावर मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह के साथ जावर मंडल का दौरा ग्राम पिपलिया सलारसी से शुरू कर ग्राम ग्वाला, बरछापूरा, सतबडा, गल्लाखेड़ी होते हुए शाम को ग्राम भानाखेड़ी पहुचे एवं यहा सात दिवसीय चल रही श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए एवं व्यास गादी पर विराजिय पूज्य श्री वैष्णवी वैष्णव जी के श्रीमुख से हो रही भागवत कथा का श्रवण कर उनका स्वागत सम्मान किया ।

इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने संबोधन में कहा की देश के प्रधान सेवक के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ही पद पर रहते हुए जनता की सेवा करते 12 साल पूर्ण हो गये । पार्टी के निर्देश पर हम सभी मंडलो के ग्राम ग्राम के दौरे कर 12 साल की उपलब्धियों को, विकास को बताने, जनता से मिलने, उनसे संवाद करने उनके द्वार तक जा रहे है । 12 साल में प्रधानमंत्री जी ने देश का नाम विश्व मे ऊंचा किया है वही देश मे विकास का इतिहास लिखा है । मप्र में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के लिये तेजी से कार्य हो रहे है । लाडली बहनाओ को मान सम्मान मिल रहा है, हर माह उनके खाते में अभी 15 सो आ रहे है जो बढ़ कर 3 हजार तक होंगे । भानाखेड़ी में लाडली बहनाओ की मांग पर विधायक ने टीन शेड के लिये 11 लाख रुपये एवं पंचायत को एक पानी के टैंकर देने की घोषणा की । स्मरण रहे। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री पद पर कार्य करते हुए नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं लोक कल्याण के पूर्ण होने पर 10 जून से पार्टी के निर्देशानुसार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर चलो ग्राम की ओर, के तहत ग्राम ग्राम पहुच रहे है । 13 जून को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जावर मंडल के ग्रामो का दौरा करते हुए भानाखेड़ी पहुचे एवं कथा श्रवण की ।

दौरे के दौरान सभी ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, बूथ अध्यक्षो, कार्यकर्ताओ, वरिष्ठजनों से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने घर घर पहुच चौपाल लगा कर भेंट कर उनसे संवाद किया । इस अवसर पर ग्रामीणजनों के साथ संवाद कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 12 साल की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया एवं ग्रामीण जनों की समस्याओं को भी सुना ओर उनके हल करने का आश्वासन दिया । प्रत्येक ग्राम में पार्टी के व ग्राम के वरिष्ठ जनों के निवास पर पहुच कर उनका स्वागत सम्मान कर उनका अभिनन्दन किया। दौरे के दौरान पार्टी के निर्देशों के तहत विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण भी किया। दौरे के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के साथ जावर मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर, जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, महेंद्रसिंह गऊखेड़ी, मंडल महामंत्री राजा ठाकुर, बूथ अध्यक्ष हरेन्द्र ठाकुर, सरपंच मदनसिंह, महेंद्रसिंह पटेल, अर्जुन मेहतवाड़ा सहित ग्रामों के बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति के सदस्य, कार्यकर्ता, ग्रामीणजन, सरपंच बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे।

## 6 जुलाई को निकालेंगे भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा, हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे



**सीहोर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा। यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक रथ यात्रा शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंचेगी। लगातार 66 सालों से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर समाजजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आमंत्रण पत्र का वितरण कर रहे है। करीब 10 हजार से अधिक आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा चुका है। समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल और पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि परमार समाज और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा निरंतर पूरी की तर्ज पर यात्रा निकाली जाती है। आयोजन समिति ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। रथ यात्रा के दौरान पूरा शहर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहेगा और भक्तिभाव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

इस वर्ष चल समारोह अध्यक्ष भवर लाल परमार का ग्राम तकीपुर में स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल, कमल पटेल, मुकेश परमार, विष्णु परमार, शिव परमार, भगीरथ परमार, अनारसिंह परमार, देवनारायण परमार, दशरथ सिंह परमार, भगवान सिंह परमार, मनोहर परमार, लखन परमार, महेंद्र परमार, विक्रमप रमार ग्राम तकीपुर में भगवान जगदीश की रथ यात्रा का निमंत्रण दिया।

पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि शहर में लंबे समय से जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इस मौके पर शहर के छावनी स्थित मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और 16 जुलाई को शहर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण पर रथ में बलदाऊ भैया, बहन सुभद्रा के साथ जगतपति जगन्नाथ स्वामी को विराजमान किया जाएगा और उसके बाद शहर के छावनी के विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। श्रद्धालुओं के द्वारा रथ को खिचने का इंतजाम किया गया है। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन रथों पर सवार होते हैं। सुबह मंदिर परिसर में विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा और उसके पश्चात रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा को लेकर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजन समिति के अनुसार यात्रा में हजारों की संख्या में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल होंगे। भगवान जगन्नाथ की इस यात्रा को लेकर श्रद्धालु विशेष तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं रक्तदान महादानः योगेश उपाध्याय

### रक्तदाता दिवस पर सम्मान कार्यक्रम और रक्तदान दिवस



**सीहोर।** हर साल की तरह विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में ब्लड सेंटर जिला चिकित्सालय सीहोर द्वारा मनाया गया। इस मौके पर डिजीटल और सोशल माध्यम से रक्तदान करने की प्रेरणा देने वाले एक दर्जन से अधिक समाजसेवियों को सम्मान के साथ यहां पर सेंटर पर रक्तदान भी किया गया। इस मौके पर पूरे जिले में संचार माध्यम और स्वयं उपस्थित होकर प्रेरित करने वाले वरिष्ठ पत्रकार योगेश उपाध्याय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहाकि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं को उनके निस्वार्थ योगदान के लिए धन्यवाद देना, सुरक्षित रक्त की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। हमारे शास्त्र कहते हैं कि परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं। जब किसी व्यक्ति का दुर्घटना, बीमारी, ऑपरेशन या प्रसव के समय अत्यधिक रक्त बह जाता है, तब उसे किसी धनवान व्यक्ति की नहीं, बल्कि एक रक्तदाता की आवश्यकता होती है। उस समय रक्त की एक-एक बूंद किसी के लिए जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाती है। रक्तदान केवल रक्त देना नहीं है, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देना है। दुनिया में बहुत से दान हैं, अन्नदान, वस्त्रदान, विद्यादान, लेकिन रक्तदान ऐसा दान है जो सीधे किसी की धड़कनों को चलाए रखता है।

इस उपलक्ष्य ब्लड सेंटर में जिला चिकित्सालय के तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया सांथ ही नियमित रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. यश सक्सेना पैथालाजिस्ट एवं प्रभारी ब्लड सेंटर द्वारा उपस्थित सभी लोगों से नियमिति रक्तदान एवं रक्तदान हेतु जागरूकता की शपथ दिलाकर कार्यक्रम की शूरूआत की गई सांथ लोगों को रक्तदान करने हेतु जागरूक किया गया। रक्तदान शिविर में लगभग 50 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। साथ ही नियमिति डोनरों का सम्मान सर्टिफिकेट एवं मोमेन्टो देकर किया गया सम्मान पाने वालों में वरिष्ठ पत्रकार योगेश उपाध्याय, नवीन सोनी, आकाश राठोर, गोविन्द चोपरा, संतोष शाक्य, रवि ठकराल, शुभम ठकराल, महक ठकराल, सक्षम ठकराल, हिमांशी अस्नानी, नितिन सोनी, प्रियांशी सोनी, स्लोक शिवहरे, सचिन सूर्यवंशी, शाहिल मनशूरी, सतनाम सिंह दुआ, मुफद्दल फकरी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ब्लड सेंटर से डॉ. यश सक्सेना, निर्मल कचनेरिया, अम्बर मालवीय, मनोज दीक्षित मामा, जितेन्द्र डाबरिया, दानिश मन्सूरी, अंशू आर्य. राज ठाकुर का सहयोग रहा।

### जुलाई में जीवनताल बीट में 25 हजार सागौन पौधे लगाए जाएंगे

**सीहोर ।** वन विभाग जीवनताल बीट क्षेत्र में जुलाई में बड़े स्तर पर पौधरोपण की तैयारी कर रहा है। विभाग के मुताबिक 10 हेक्टेयर क्षेत्र में सागौन के 25 हजार टिश्यू कल्चर पौधे लगाए जाएंगे। ये उपचारित पौधे टीएफआरआई, जबलपुर से मंगाए जा रहे हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए पूरे क्षेत्र में जालीदार फेंसिंग कराई जाएगी। पौधरोपण का काम जुलाई में पहली अच्छी बारिश के सप्ताह में शुरू होगा। शनिवार को डीएफओ अर्चना पटेल ने तैयारियों का निरीक्षण किया। डिप्टी रेंजर नागेन्द्र सिंह बैस ने उन्हें तैयारियों की जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यह क्षेत्र राजस्व विभाग की जमीन से घिरा है। यहां जैविक दबाव ज्यादा रहता है। दबाव कम करने के लिए यह पौधरोपण कराया जा रहा है। हरित आवरण बढ़ाने पर भी फोकस है। जीवनताल बीट में उन हिस्सों का चयन किया गया है, जहां पेड़ों की संख्या कम है। विभाग का कहना है कि ऐसे सभी स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से पौधरोपण होगा। इससे वन क्षेत्र का विस्तार होगा। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

### उपवन में लगी प्रतिमा के सामने गंदगी करने वाला स्कूटी चालक गिरफ्तार



**सीहोर।** 4 जून को फरियादी अरविंद मालवीय द्वारा रिपोर्ट किया कि 3 जून की रात्रि करीब 10:00 बजे एक अज्ञात स्कूटी चालक कलेक्टर कार्यालय वाले रास्ते पर बने डॉ बाबा साहेब अंबेडकर उपवन में लगी बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने खड़ा होकर पेशाब कर रहा है, जिसकी वीडियो एवं फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई, जिससे हम बहुजन समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई है, जिसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए, जिसकी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 399/26 धारा 298 भारतीय न्याय संहिता का कायम कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण में अज्ञात स्कूटी चालक का पता लगाने हेतु पुलिस टीम को सक्रिय किया गया। घटना की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली रविन्द्र यादव को थाना स्तर पर टीम गठित कर अज्ञात स्कूटी चालक का पता लगाकर शीघ्र वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना कोतवाली पुलिस ने टीम लगाकर प्रकरण मे घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से उक्त आरोपी का पता लगाने में सफलता प्राप्त की। आरोपी की पहचान अर्जुन गौड़, पिता बच्चूलाल, उम्र 28 साल, निवासी शेखपुरा थाना मंडी जिला सीहोर के रूप में हुई, जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### आष्टा अंचल से 41 तीर्थ यात्री मां वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए रवाना

# जनप्रतिनिधियों ने पुष्पमाला पहनाकर और वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत आष्टा अंचल के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों से चयनित लगभग 41 तीर्थग्राहियों को मां वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना किया गया। तीर्थयात्रियों की रवानगी से पूर्व जनपद पंचायत के सभागार में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना - विदाई कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत सभागार में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान और पार्षद रवि शर्मा ने सभी तीर्थयात्रियों का पुष्पमाला पहनाकर और तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत-सम्मान किया। जनप्रतिनिधियों ने यात्रियों के सुखद और मंगलमय सफर की कामना करते हुए तीर्थयात्रियों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। इस दौरान यात्रियों के चेहरों पर मां वैष्णोदेवी के दर्शन की खुशी साफ झलक रही थी।

**ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों से हुआ चयन** - योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए समग्र अधिकारी दीपाली सोलंकी ने बताया कि इस यात्रा के लिए आष्टा अंचल से कुल 41 हितग्राहियों का पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चयन किया गया था। इनमें ग्रामीण क्षेत्र से 25, नगरीय क्षेत्र से 16 तीर्थयात्री शामिल हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत एवं नगरपालिका के अधिकारी तथा कर्मचारियों के साथ-साथ तीर्थयात्रियों के परिजन मौजूद थे।

# बलदाऊ बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगदीश

### जय जगन्नाथ, भगवान जगदीश की जय की जयकारों से गूंज उठा शहर



**सीहोर।** जय जगन्नाथ के जय घोषों से शहर रविवार को गूंज उठा।अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी खाती समाज ने भगवान जगदीश की रथ यात्रा चल समारोह निकाला। भगवान जगनाथ ने बलराम, बहन सुभद्रा देवी की श्रृंगारित आकर्षक प्रतिमाओ के साथ शहर भ्रमण किया। ट्रैक्टर ट्राली पर बने स्वर्ण रथ को 5000 से अधिक भक्तों ने बारी बारी से भोपाल नाके से अटल बिहारी वाजपेई चौराहा 3 किलोमीटर तक रस्से से भगवान के जयकारों के साथ खींचा। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए विधिवत पूजन अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया।

भगवान जगदीश की रथ यात्रा जल समारोह में क्षत्रिय चंद्रवंशी खाती समाज के पूर्व भारतीय सेना के जवान हाथों में तिरंगा लिए घोड़े पर सवार दिखाई दिए। बैंड बाजे डीजे की धुन पर युवा नाचते हुए दिखाई दिए। चल समारोह में शामिल कालों के काल महाकाल भोलेनाथ की जीवित झांकी और भजन गाते श्रद्धालु महिलाएं आकर्षण का केंद्र बने रहे। भगवान जगदीश रथ यात्रा चल समारोह का शहर में अनेक स्थानो पर विभिन्न सामाजिक राजनीतिक धार्मिक व्यापारिक संगठनो के पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों नागरिकों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

**निकाला गया ऐतिहासिक चल समारोह :** सुबह 11 बजे भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद मैदान से बैंड बाजे ढोल धमाके डीजे और भगवा झंडो घोड़ों के साथ चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज संगठन के संस्थापक डॉ अजय पटेल के कुशल मार्गदर्शन में हजारों समाज बंधुओ के द्वारा भव्य विशाल भगवान जगदीश की रथ यात्रा चल समारोह का शुभारंभ किया गया। शहर के भोपाल नाका से इंग्लिशपुरा रोड कोतवाली चौराहा, बद्री महल चौराहा, पान चौराहा बड़ा बाजार से होता हुआ 3 किलोमीटर चलने के बाद चल समारोह लिसा टॉकीज मैदान पर पहुंचा।

**भगवान जगदीश की आरती से शुभारंभ :** लीशा टॉकीज मैदान पर समाजिक सभा का शुभारम भगवान जगदीश की विधिवत पूजा अर्चना कर चल समारोह समिति संस्थापक डॉ अजय पटेल , विधायक शैलेन्द्र पटेल, अटल अस्पताल संचालक संदीप वर्मा, ,रमेशचंद्र मुकाती, रघुनाथ वर्मा, नानूलाल कसानिया, करणसिंह वर्मा,, अमरलाल रामप्रकाश चौधरी, ओमप्रकाश मुनीम, रमेश वर्मा, प्रहलाद पटेल खड़ी, मदनलाल, बलराम पटेल, बृजेश प्रसाद वर्मा, महेंद्र वर्मा, आकाश पम्मू वर्मा हरीश चौधरी तिलक खाती के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत पगड़ी बांधकर फुल मालाए पहनाकर चल समारोह अध्यक्ष सागर वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष अनिरुद्ध वर्मा, चल समारोह प्रभारी पप्पू वर्मा, हरीश चौधरी, नानू खाती, देवेंद्र वर्मा, मोहन वर्मा, आशीष पटेल, तिलक खाती, अखिलेश वर्मा, संदीप पटेल, दीपक वर्मा, मोहित वर्मा, सुनील वर्मा, मनोज वर्मा, प्रवीण पटेल, आशीष चौधरी, प्रमोद वर्मा, महेंद्र वर्मा, श्यामसुंदर, विकास वर्मा, अंकित चौहान, आशीष मुकाती, हिमांशु खाती, हरिशंकर चौधरी, दीपेश वर्मा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### लकड़ी के बंटवारे को लेकर भाइयों में खूनी संघर्ष, तीन घायल

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम गिदवाहा में बबूल के पेड़ की लकड़ी के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि बड़े भाई ने अपने तीन बेटों के साथ मिलकर छोटे भाइयों और एक महिला पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गिदवाहा निवासी बारेलाल पुत्र लूले कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खेत पर लगे साझे के एक बबूल के पेड़ को तीनों भाइयों ने मिलकर काटा था। लकड़ी के बंटवारे के दौरान बारेलाल ने अपने हिस्से में से एक डाल छोटे भाई मान सिंह को दे दी। इसी बात को लेकर बड़े भाई फुलुआ नाराज हो गया और दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि 13 जून की रात करीब 8 बजे फुलुआ अपने पुत्रों रवि, छोटू और नारायण के साथ एकराय होकर आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में बारेलाल, उनके छोटे भाई मान सिंह तथा पत्नी लीला बाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना के दौरान मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थ सॉस विक्रेताओं का कसा पेंच

**ललितपुर ।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में खाद्य पदार्थ सॉस पर चलाए गए अभियान के अंतर्गत नज़ाई बाजार ललितपुर स्थित प्रदीप एजेंसी प्रो प्रदीप कुमार साहू के प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। प्रतिष्ठान मे रखे फंटॉप ब्रांड के कांटिनेंटल सॉस और ग्रीन चिली सॉस के एक एक नमूने तथा नव ज्योति ब्रांड के वेजिटेबल सॉस के एक नमूना, कुल तीन नमूने संग्रहित कर लगभग 100 नव ज्योति ब्रांड वेजिटेबल सॉस सीज किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य -कक विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस एस निरंजन, नागेंद्र कुमार सम्मिलित रहे।

### खेत पर गए किसान से मारपीट, 17 पर केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पिसनारी बाग में खेत पर गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट एवं रंगदारी मांगने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर 7 नामजद सहित 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पिसनारी बाग निवासी बद्रीप्रसाद शर्मा पुत्र शिवनारायण शर्मा ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि 25 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के बाबूलाल, ओमी, गोपाल, राहुल, आजाद तथा दो महिलाएं कुसुम और अंगूरी समेत अन्य लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर, पसली और हाथ में चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों अंश, अनुज और रेखा शर्मा के साथ भी अभद्रता एवं मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है।
बद्रीप्रसाद शर्मा ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान उनसे 50 हजार रुपये की मांग की गई और रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित के अनुसार घटना के बाद उसने पुलिस एवं वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। सीजेएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 7 नामजद एवं 10 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

### केंद्र सरकार के स्वर्णिम 12 वर्ष पूर्ण होने पर संवाद किया

# मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतें पुरस्कृत




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

केन्द्र सरकार के स्वर्णिम 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संवाद एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त, झांसी मण्डल, झांसी बिमल कुमार दुबे के आह्वान पर जनपद ललितपुर के समस्त ग्राम प्रधानों एवं प्रशासकों का सम्मेलन सोमवार को कल्याण सिंह सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश मनोहरलाल पंथ, विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, अध्यक्ष जिला पंचायत कैलाश नारायण निरंजन तथा विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि अतुल निरंजन की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारीगणों ने जनप्रतिनिधिगणों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं अभिनन्दन से हुआ। तत्पश्चात राज्यमंत्री, सदर विधायक, एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने केन्द्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं प्रशासकों को संबोधित किया। आयुक्त, झांसी मण्डल ने कहा कि देश के विकास में उत्तर प्रदेश तथा प्रदेश के विकास में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शासन की नीतियों एवं योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के लिए ग्राम स्तर पर विकासात्मक सोच और जनसंवाद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों को अपने उत्कृष्ट कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा विभिन्न पुरस्कार योजनाओं हेतु आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के साथ निरन्तर संवाद स्थापित करने एवं शिकायत पेटिका की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया, जिससे ग्राम विकास हेतु आवश्यक सुझाव प्राप्त हो सकें। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता अपनाकर आदर्श ग्राम की स्थापना का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत नाराहट (विकास खण्ड मड़ावरा) को प्रथम, ग्राम पंचायत रमेशरा (विकास खण्ड बिरधा) को द्वितीय, ग्राम पंचायत गुढ़ा (विकास खण्ड महरौनी) को तृतीय, ग्राम पंचायत पंचमपुर (विकास खण्ड जखौरा) को चतुर्थ तथा ग्राम पंचायत इमलियाकलां (विकास खण्ड मड़ावरा) को पंचम पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत कडेसराकलां (तालबेहट), ग्राम पंचायत हर्षपुर एवं ग्राम पंचायत रोंड़ा (जखौरा) के पंचायत सहायकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सामुदायिक शौचालय केयरटेकर जमनाबाई (ग्राम पंचायत बिरारी, विकास खण्ड बिरधा) तथा अनीता झां (ग्राम पंचायत बार, विकास खण्ड बार) को भी उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास, जनभागीदारी एवं सुशासन के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ। अंत में समस्त निवर्तमान ग्राम प्रधानों एवं प्रशासकों को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्राम पंचायतों के निर्माण के उद्देश्य से सहजन के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, उप निदेशक (पंचायत) झांसी मण्डल, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत विभाग के अधिकारी, सचिव, ग्राम पंचायत, पंचायत सहायक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की टीम तथा समस्त निवर्तमान ग्राम प्रधान एवं प्रशासक उपस्थित रहे।

### समयबद्धता के निर्देश दिए

## शहजाद नदी पर निर्माणाधीन सेतु का विधायक ने निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर ललितपुर क्षेत्र में शहजाद नदी पर निर्माणाधीन सेतु का सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से सेतु निर्माण की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि शहजाद नदी पर बन रहा यह सेतु क्षेत्र के विकास और यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना है। पुल के निर्माण से नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही क्षेत्रीय विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जाएं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है और यह सेतु उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सदर विधायक ने निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह पुल ललितपुर के लोगों को समर्पित किया जाएगा और इससे हजारों नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि जनता की सुविधाओं और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं।

### इंदौर निवासी पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

## नवविवाहिता को दहेज लोभियों ने घर से निकाला 21 लाख व जेवर देने के बाद भी दहेज की मांग

**ललितपुर।** महिला थाना में दहेज उत्पीडऩ का एक गंभीर मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने अपने पति, सास, ससुर और ननद पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मानसिक एवं शारीरिक प्रताडऩा देने तथा जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांधीनगर क्षेत्र निवासी रागिनी गुप्ता पुत्री रामकृपाल गुप्ता का विवाह 4 मार्च 2024 को इंदौर (मध्य प्रदेश) निवासी सारांश खंडेलवाल पुत्र सुंदरलाल खंडेलवाल के साथ ललितपुर स्थित एक विवाह समारोह में संपन्न हुआ था। विवाह में उसके परिजनों द्वारा लगभग 21 लाख रुपए नकद, सोने के आभूषण एवं अन्य घरेलू सामान उपहार स्वरूप दिए गए थे। रागिनी का आरोप है कि विवाह के बाद ससुराल पहुंचते ही पति सारांश, सास उर्मिला, ससुर सुंदरलाल तथा ननद विदुषी ने अतिरिक्त दहेज के रूप में एक कार और 4 लाख रुपए नकद की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप लगाया कि पुत्र जन्म के बाद उसके साथ दुव्र्यवहार और बढ़ गया। ससुराल पक्ष द्वारा मायके से प्रतिमाह 20 हजार रुपए मंगाने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि 28 मार्च 2026 को उसके जेवरात उतरवा लिए गए और उसे अपने नौ माह के पुत्र के साथ घर से निकाल दिया गया। बाद में पति ने इंदौर में एक किराये का मकान दिलाया, लेकिन भरण-पोषण की कोई व्यवस्था नहीं की। आरोप है कि उसे और उसके बच्चे को खाने-पीने की आवश्यक वस्तुओं तक के लिए परेशान होना पड़ा। उसने यह भी आरोप लगाया कि 4 मई 2026 को राशन मांगने पर पति ने उसके साथ मारपीट की और छत से नीचे फेंककर जान से मारने का प्रयास किया।परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन ललितपुर ले आए। तहरीर पर महिला थाना ललितपुर में आरोपी सारांश खंडेलवाल, सुंदरलाल खंडेलवाल, उर्मिला खंडेलवाल एवं विदुषी गुप्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की ।

### प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की मासिक बैठक महरौनी में संपन्न

## शिक्षामित्रों के नियमितीकरण तक संघर्ष जारी रहेगा : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की मासिक बैठक ब्लॉक महरौनी स्थित एक सिद्ध क्षेत्र में आयोजित की गई। बैठक में जिले एवं विभिन्न ब्लॉकों की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। अध्यक्षता भरत रिछारिया ने तथा संचालन राजेश कुमार जैन ने किया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष नंदराम यादव, जिला प्रभारी डा.रक्षपाल सिंह तथा संगठन के सक्रिय शिक्षामित्र रहे एवं वर्तमान में ब्लॉक बार के एआरपी राजेंद्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दयाराम विश्वकर्मा एवं महामंत्री बालकिशन कुशवाहा ने सभी आगंतुक पदाधिकारियों एवं शिक्षामित्रों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याओं, संगठनात्मक गतिविधियों तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहर सिंह बुंदेला, डी.एल. यादव, गजराज सिंह, बृजेश तिवारी, देवेंद्र सिंह गौर, केदार सैनी, अमोल सिंह राजा, रामप्रकाश तिवारी, रामप्रसाद अहिरवार, बिटनलाल सेन, धनीराम प्रजापति, हरदयाल कुशवाहा, गजेंद्र सिंह बुंदेला, रूपसिंह कुशवाहा, बंसीलाल पाल, देशराज सिंह राजपूत एवं महेश सैनी सहित कई शिक्षामित्रों ने अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष दयाराम विश्वकर्मा ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए प्रत्येक माह नियमित रूप से बैठक आयोजित करने की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। जिला प्रभारी डा.रक्षपाल सिंह ने शासन द्वारा शिक्षामित्रों के स्थानांतरण एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा जैसी योजनाओं पर अपने विचार रखते हुए सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से शिक्षामित्रों को काफी राहत मिलेगी। मुख्य अतिथि नंदराम यादव ने कहा कि मानदेय वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा तथा स्थानांतरण संबंधी निर्णय स्वागतयोग्य हैं, लेकिन शिक्षामित्रों की प्रमुख मांग नियमितीकरण है। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षामित्रों का नियमितीकरण नहीं होगा, तब तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा, संगठन के प्रदेश पदाधिकारी मुख्यमंत्री से लगातार संवाद कर शिक्षामित्रों की शेष मांगों को भी पूरा कराने का प्रयास करेंगे।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संगठन के बैनर तले ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।




ज्ञापन में प्रदेश के लगभग 36 हजार संविदा ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की प्रमुख मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम रोजगार सेवक पिछले लगभग 17 वर्षों से ग्राम पंचायतों में मनरेगा सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। संगठन का कहना है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों का कार्यभार ग्राम रोजगार सेवकों के माध्यम से संचालित हो रहा है, इसलिए उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाना आवश्यक है। ग्राम रोजगार सेवकों ने मांग की कि उन्हें राज्य कर्मचारियों के समान वेतनमान, भत्ते एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएं। साथ ही श्रमिकों एवं कर्मचारियों की तरह ईपीएफ, बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा दुर्घटना बीमा (पॉलिसी) का लाभ भी उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन में न्यूनतम मानदेय बढ़ाने तथा समय से भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। संगठन ने आरोप लगाया कि कई जिलों में ग्राम रोजगार सेवकों का 2 से 4 माह का मानदेय बकाया चल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए मासिक मानदेय भुगतान हेतु पृथक बजट की व्यवस्था किए जाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने, ग्राम रोजगार सेवकों के सेवा संबंधी अधिकारों को स्पष्ट करने तथा उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी मांगें भी शामिल हैं। संगठन ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं होने पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह बुन्देला, महामंत्री धर्मेंद्र तिवारी, अजित कुमार, हरीराम कुशवाहा, विनोद कुमार, बृजवेन्द्र कुमार, आजम खान, निर्बल, सुरेन्द्र सिंह, अखिलेन्द्र कुमार नायक, रामसेवक आदि मौजूद रहे।

## बच्ची को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हुई, मां की मौत व बेटी गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार परिवार सड़क पर अचानक आई एक बच्ची को बचाने का प्रयास कर रहा था। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

ग्राम रोड़ा निवासी 60 वर्षीय गुडडी कुशवाहा अपनी बेटी 25 वर्षीय संजना और दामाद के साथ ग्राम कदवाह से वीपीएस गांव की ओर बाइक से जा रही थीं। सोमवार दोपहर करीब एक बजे जब उनकी बाइक रोड़ा गांव के समीप पहुंची, तभी सड़क पर अचानक एक बच्ची आ गई। बच्ची को टक्कर से बचाने के लिए चालक ने तत्काल बाइक में ब्रेक लगाए, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर फिसलकर गिर गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी गुडडी कुशवाहा और उनकी बेटी संजना गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने गुडडी कुशवाहा का उपचार शुरू किया, लेकिन उनकी हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं संजना का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। गुडडी कुशवाहा की असमय मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र के लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

### वर्षा के पूर्व जन सुरक्षा पर चर्चा

## आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सुरक्षा टीम के साथ जागरूकता अभियान चलाया


हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में वर्षा ऋतु के पूर्व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं नागरिक सुरक्षा टीम द्वारा आम जनमानस के बीच संपर्क एवं जन जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को वर्षा पूर्व वज्रपात अतिवृष्टि सर्पदस अग्निकांड एवं अन्य आपदाओं के समय किस तरह सतर्क रहना है आपदा के समय में क्या करें क्या न करें एवं किस प्रकार बचाव हेतु संपर्क करना है उन नंबरों एवं घटना दुर्घटना के समय समन्वय स्थापित करने हेतु चर्चा की। जिसमें वर्षा से पूर्व नगर पालिका क्षेत्र में बड़े नालों एवं जल भराव वाले क्षेत्रों में भी आपदा मित्रो व नागरिक सुरक्षा वॉलंटियर्स द्वारा घूम कर लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा सड़क दुर्घटनाओं नवयुवा में डीप डिप्रेशन के कारण आत्महत्या करने की जो प्रवृत्ति प्रबल हो रही है इत्यादि पर जन जागरूकता अभियान चलाना इस मुहिम पहल मे जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह व प्रमोद सक्सेना जी राजेश श्रीवास्तव जी संजय सिंह जुबेर आलम सुरेंद्र सेन पवन कुमार अमन साहू मधु वंदना तिवारी विजय पुष्पेंद्र राम गोपाल अनिकेत पटेल व अन्य आपदा प्रबंधन टीम के साथ-साथ जन समुदाय की भागीदारी रही जिसमें आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह द्वारा जन- समुदाय से चर्चा करके आपदा कंट्रोल रूम के बारे में चर्चा की गई जिस पर समन्वय स्थापित कर निदान हेतु जानकारी दी गई।

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के तहत रेडक्रॉस सोसाइटी ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

## जनभागीदारी से होगा क्षय रोग का उन्मूलन, पोषण पोटलियां दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र में रेडक्रॉस सोसायटी की जनपद शाखा के सहयोग से टीबी मरीजों को पोषण पोटलियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षय रोगियों के पोषण स्तर में सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना और उपचार को अधिक प्रभावी बनाना है। सचिव डा.एस.पी. पाठक ने कहा कि टीबी रोगियों के लिए उचित पोषण अत्यंत आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से मरीजों को गोद लेने की योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत आमजन, अधिकारी एवं सामाजिक संगठन टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार एवं पोषण में सहयोग कर सकते हैं। गोद लिए गए मरीजों को नियमित रूप से पोषण किट उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। क्षय रोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने बताया कि टीबी एक पूर्ण रूप से उपचार योग्य बीमारी है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवाओं का सेवन करें और पर्याप्त पोषण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पोषण पोटली जैसी पहल मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विभाग का लक्ष्य प्रत्येक मरीज को दवा के साथ-साथ पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराना है, ताकि वह जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सके।

बताया कि जनपद में टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 24 मार्च 2026 से 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान का दूसरा चरण संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली आबादी की विशेष स्क्रीनिंग और जांच की जा रही है। इसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित लोग, टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले लोग, मधुमेह एवं एचआईवी से ग्रसित मरीज तथा धूम्रपान एवं शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों को शामिल किया गया है। अभियान अंतर्गत चिन्हित ग्रामों में शिविर लगाकर एक्स-रे जांच और उपचार की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, वजन कम होना, लगातार बुखार, सीने में दर्द, शरीर में गांठ, रात में पसीना आना, अत्यधिक थकान, बलगम में खून आना और लगातार बलगम वाली खांसी टीबी के प्रमुख लक्षण हैं।

ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच करानी चाहिए। जिला क्षय रोग अधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि टीबी की जांच एवं उपचार जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध है। किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई देने पर बिना देर किए निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच अवश्य कराएं। इस दौरान जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र के पीपीएम आदर्श श्रीवास्तव, डीपीसी शिवराम सिंह,डीपीटीसी मनोज गुप्ता सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजन

# वरिष्ठजनों के सम्मान में भाजपा का अभिनंदन कार्यक्रम इन्हीं के संघर्ष से मजबूत हुआ संगठन: विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं वृद्धजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्राम तुर्कीपुरा, लसुलिया रामनाथ, कांकरिया, झालड़ा तथा कुरावर नगर में आयोजित कार्यक्रमों में वरिष्ठजनों का मंगल तिलक लगाकर एवं पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

कुरावर मंडी परिसर में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि भाजपा आज जिस मुकाम पर पहुंची है, उसके पीछे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पुरोधाओं का त्याग, संघर्ष एवं वर्षों का अथक परिश्रम है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी कार्यकर्ताओं ने संगठन और विचारधारा को मजबूत बनाए रखा, जिसके परिणामस्वरूप आज केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उन्होंने वरिष्ठजनों को भाजपा की मजबूत नींव बताते हुए उनके योगदान को सदैव प्रेरणादायक बताया।

विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने राम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती तथा वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। कार्यक्रम को अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल महामंत्री लखन राजपूत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. दिनेश मंडलोई ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, सत्येंद्र सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष रवि मीना, रामेश्वर नायक, जगदीश जागीरदार, कैलाश मंडलोई, गोविंद मालवीय, शिवचरण मंडलोई, बद्रीप्रसाद मंडलोई, गणेश महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## तेज आंधी-बारिश से कई पेड़ धराशायी, टीनशेड फ्लेक्स उड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं और आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से लोगों को दिनभर की 'उमस और भीषण गर्मी से राहत' मिली। लेकिन 'तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर नुकसान' भी हुआ। तेज आंधी से कई पेड़ धराशाई हो गए, जिससे कुछ मार्गों पर आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई। वहीं तेज हवाओं के चलते 'तीन टीनशेड एवं फ्लेक्स उड़ने' की सूचना मिली है। किसानों ने बारिश को फसलों के लिए लाभदायक' बताया, वहीं तेज हवा से कुछ स्थानों पर फसलों को नुकसान की आशंका भी जताई गई है। मौसम में आए इस बदलाव से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। 'प्रशासन द्वारा लोगों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों तथा कमजोर ढांचों से दूर रहने की अपील' की गई है।

## भागवत कथा में रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



दुनिया चाहे कुछ भी कहे, हमें हमारे लक्ष्य से नहीं भटकना चाहिए। अपने लक्ष्य से न भटकना सफलता की सबसे पहली और महत्वपूर्ण कुंजी है। स्थिर ध्यान और निरंतर प्रयास से सफलता जरूर मिलती है। उक्त कथन श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी सारंगपुर में चल रही भागवत कथा के छठवे दिन शनिवार रात्रि को कथा वाचक श्रीश्री 108 मण्डलेश्वर आचार्य श्री रामप्रसाद जी व्यास ने कहे। इससे पूर्व मुख्य यजमान समाज सेवी विष्णु प्रसाद जोशी ने सपरिवार भागवतजी की आरती उतारी। इसी कड़ी मे आचार्य व्यास ने कंस वध, महा रासलीला और रुकमणी विवाह के प्रसंग का विस्तार के वर्णन किया। श्रीकृष्ण ने रुक्मणी का हरण कर उनसे विवाह किया था।

इस प्रसंग के माध्यम से यह समझाया गया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वे भगवान नारायण से दूर नहीं रह सकतीं। साथ ही भागवत कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य व्यास ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रुपल प्रमोद सादानी, वरिष्ठ पेंसनर प्रेम शंकर पाण्डेय, जयहिंद प्रकाश दुबे, सत्य नारायण शर्मा, पर्यावरण प्रेमी नंद किशोर सोनी, लक्ष्मी नारायण त्रिकार, वरिष्ठ अभिभाषक ओम प्रकाश विजयवर्गीय, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, समाज सेवी केशव लाल राठौर, राजेंद्र पालीवाल, महेश पाटीदार सहित कई महिलाओ व पुरुषो ने भागवत कथा का श्रवण किया। वही भागवत कथा के सातवे दिन रविवार को विभिन्न प्रसंग सुनाकर आचार्य व्यास ने कथा का समापन किया।

## गोवर्धन नाथ जी की हवेली में भागवत कथा संपन्न

मालवी भाषा शैली में संगीतमय कथा सार का रोचक चित्रण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर के गोवर्धन नाथ जी की हवेली में मोहनलाल गुप्ता दुपाड़िया वाला परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम हुआ। अंतिम दिवस कथा में पं. कमल बिहारी जी नागर ने 'मालवी भाषा शैली में संगीतमय कथा सार' का रोचक चित्रण किया। पं. नागर ने कहा कि 'भागवत श्रवण से पाप से मुक्ति मिलती है'। शुकदेव जी ने 'राजा परीक्षित को भागवत श्रवण कराकर मोक्ष प्रदान कराया' था। 'सुदामा-कृष्ण मित्रता' के प्रेरणादायी प्रसंग को समझाते हुए कहा कि 'ष्मित्र वही जो संकट के समय काम आवेष'। सच्ची मित्रता में कोई भेदभाव नहीं होता। जरासंध एवं कालयवन प्रसंग' का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान कृष्ण की रणनीति से धर्म की रक्षा हुई। जीवन में आवश्यकता पर कहा कि 'भगवान का संदेश है- अचानक दरवाजा नहीं खोलना चाहिए।

## भागवत कथा में सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर के तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में एसके मुंदड़ा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस पर कथावाचक 'कमलेश भाई जी' ने भगवान श्रीकृष्ण एवं उनके परम मित्र सुदामा के चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए 'द्वारिका लीला' का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि 'सच्ची मित्रता, भक्ति और समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण सुदामा चरित्र है'। भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका लीला का वर्णन करते हुए बताया कि 'भगवान अपने भक्तों के प्रेम के आगे सदैव नतमस्तक रहते हैं'। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा परिसर 'ष्हरे कृष्ण-हरे कृष्णष' के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कथा समापन अवसर पर 'महाआरती एवं प्रसादी वितरण' का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन के समापन पर 'आयोजक मुंदड़ा परिवार' ने कथा में पधारे सभी श्रद्धालुओं, भक्तजनों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।




### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर मौत

**ब्यावरा।** शहर के शहीद भरथरे बस स्टेंड के सामने रविवार सुबह तेज गति से जा रहे ट्रक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मारकर रौंदते हुए निकल गया। पुलिस के मुताबिक मांगीलाल सौंधिया निवासी अरन्या बाइक से बस स्टैंड पर जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचओ 9754 का चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मांगीलाल को करीब 100 फीट तक घसीटते हुए ले गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव वाहन बुलाकर पीएम के लिए अस्पताल भेजा और टक को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

### 21 को मनाया जाएगा कबीर उत्सव तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**सारंगपुर।** विश्व वंदनीय संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 21 जून को आयोजित होने वाले कबीर उत्सव, चल समारोह एवं विशाल भजन संध्या की तैयारियों को लेकर रविवार को शगुन विहार कॉलोनी में समाजजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई तथा समाज के लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में समाज के वरिष्ठजन सेवानिवृत्त रतनलाल मालवीय, नारायणसिंह मालवीय, रोडमल मालवीय, माखन सिंह सौराष्ट्रीय, मोहनलाल मालकीवीय, फॉरेस्ट रेंजर निकुंज मालवीय, महिला मंडल से माया चैहान, संगीता मालवीय, विनोद गोयल, सुनील गोयल सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुरावर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। कार्रवाई के दौरान चार आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया है, जिनके कब्जे से लगभग 80 हजार रुपये मूल्य के वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी नरसिंहगढ़ प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना कुरावर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

थाना कुरावर में दर्ज अपराध की विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की तलाश की। जांच के दौरान संदीप पिता सुमेर सिंह राजपूत (19 वर्ष) निवासी लसूडिया रामनाथ एवं तरुण सोनी पिता बृजमोहन सोनी (24 वर्ष) निवासी बालाजी कॉलोनी, कुरावर के कब्जे से चोरी गई एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 39 जेडए 5142 बरामद की गई। वहीं एक बाल अपचारी एवं रोहित पिता रामस्वरूप निवासी लसूडिया रामनाथ के कब्जे से मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 04 जेड बी 1848 बरामद की गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मिथुन जाट, नरेश, प्रदीप बैरागी, आरक्षक नवल एवं राहुल चंदेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मौके पर बनाई गई बच्चों की अपार आईडी आज स्कूलों में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार प्रत्येक बच्चे की अपार आईडी बनाई जाने के लक्ष्य अनुसार प्रत्येक शनिवार को अपार आईडी दिवस जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर मनाने संबंधित आदेश हुए हैं। इसी अनुरूप जनशिक्षा केन्द्र भीलवाडिया में 14 जून को अपार आईडी बनाई गई तथा जिन बच्चों के नाम में संशोधन है उन बच्चों के फार्म भरवाकर बीआरसी में जमा करने के निर्देश दिए गए ताकि उनकी अपार आईडी अगले सप्ताह के शनिवार तक अपार आईडी बनाई जा सके। यह पखवाड़ा पूरे जून माह तक चलेगा शत प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बनाई जा सकेगी। इस अवसर पर आवश्यक सभी निर्देश राज्य शिक्षा केंद्र के लिए गए।

### आज से स्कूल में होगा प्रवेश उत्सव

16 जून से शुरू हो रहे प्रवेशोत्सव को लेकर सभी को निर्देश दिए कि इसी दिन पुस्तक वितरण जन प्रतिनिधियों के माध्यम से करवाई जाए माला पहनाकर प्रवेश उत्सव मनाया जाए। इस दिन विशेष भोज बनाया जाएगा जिसमें खीर पुड़ी, लड्डू, मिठाई,नमकीन, अचार सब्जी, दाल मेन्यू अनुसार बनाई जाए, शत-प्रतिशत बच्चों की मैपिंग की जाए, प्रोग्रेशन, चाइल्ड ट्रैकिंग पर 1 कक्षा के बच्चे को दर्ज किया जाए, स्कूल भवन में साफ सफाई पुताई की जाए कूड़ा-करकट हटाया जाए , पेड़ पौधों में पानी दिया जाए।